# मुख्य विकास अधिकारी महोदया, की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन योजना" के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 07/08/2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

मुख्य विकास अधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 07.08.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में "जल जीवन मिशन योजना" के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी, सहायक अभियन्तागण व अवर अभियन्तागण, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई एजेंसी से डी.टी.एल. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये-

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा 04 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 07 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया है, तथा 04 नग पम्प हाउस का Lintel स्तर तक का कार्य पूर्ण किया गया है जोकि संतोषजनक है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को वर्षा ऋतु प्रगति पर होने के कारण आगामी बैठक से पूर्व मात्र 01 नग शिरोपरि जलाशय एवं 01 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के अंतर्गत कुल 5014.45 किलोमीटर रोड कटिंग का कार्य किया गया था, जिसके सापेक्ष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य अब तक कुल 4967.52 किलोमीटर का किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी माह आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक से पूर्व सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत्-प्रतिशत् पूर्ण करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत 840 ओवरहेड टैंक निर्माण के सापेक्ष अब तक 673 ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है। 167 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य अभी शेष है, जिसमें से 103 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य 75 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी माह आयोजित समीक्षा बैठक से पूर्व न्यूनतम 01 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. अधोहस्ताक्षरी के द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में पाया गया कि मुख्य विकास अधिकारी महोदया के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड, हरदोई द्वारा माह जुलाई में 6 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी, जोकि निर्देशों के अनुरूप है। इस प्रकार वर्तमान में जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड, हरदोई द्वारा 1590 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

   **(कार्यवाही- परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

5. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन से यह पाया गया कि जुलाई 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम (ग्रामीण), हरदोई से संबंधित कुल 1,414 शिकायत पत्र पायी गयीं, जिसमें से 693 शिकायतें नियमित जलापूर्ति, 396 शिकायतें टैप कनेक्शन, 250 शिकायतें लीकेज की दर्ज पायी गयी थीं। यद्यपि माह जून 2026 में दर्ज कुल शिकायतें 2,476 के सापेक्ष माह जुलाई में अपेक्षाकृत कम दर्ज पायी गयी, परंतु विकासखंड

सुरसा व कोथावां में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर 100 से अधिक शिकायतें दर्ज पायी गयीं। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा विकासखंड सुरसा व विकासखंड कोथावां के अवर अभियंताओं को यह निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों की संख्या प्रत्येक दशा में 100 से कम लाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि अन्य विकासखंडों में भी शिकायतों में वृद्धि न हो।

**(कार्यवाही- समस्त अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।)**

Digitally signed by
MANISH GANGWAR
Date: 14-08-2026
15:32:31

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally Signed by
NEHA BYADWAL
Date: 14-08-2026
18:40:11

मुख्य विकास अधिकारी,
हरदोई।

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।**

पत्रांक 4544 / ओटी-70 / 1131 दिनांक: 19/8/24

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त सहायक अभियंता व अवर अभियंता (खण्डान्तर्गत), जल निगम (ग्रामीण), हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. डी.टी.एल., मै0 सेनाइसिस टेक लिमिटेड, हरदोई (टी.पी.आई. एजेंसी) को अनुपालनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
हरदोई।